PRINT

# हिन्दुस्तान

| National News Paper | Edition: Bokaro (Jharkhand) | Circulation: 61883 |
|---|---|---|
| Date: 24.07.2026 | Page No | Serial No.: |

## मुख्यालय रांची द्वारा गुरुवार को सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

# 120 टन अवैध कोयला जब्त

करगली। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक सुमंत सिंह, सीआईएसएफ सीसीएल मुख्यालय रांची द्वारा गुरुवार को सीसीएल बीएंडके प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान माइंस में भ्रमण कर परिचालन आवश्यकतानुसार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं कोनार साइडिंग, कारो साइडिंग, वाशरी एरिया व विभिन्न चेक पोस्टों के साथ-साथ ढोरी एरिया के अमलो रेलवे साइडिंग, तारमी रेलवे साइडिंग, मैग्जीन, कांटा घर, चेक पोस्ट एवं आई-ट्रिपल सी का भी निरीक्षण किया गया। सुरक्षा



ढोरी के पांच नंबर पीपल धौड़ा में उप महानिरीक्षक व अन्य। • हिन्दुस्तान

व्यवस्था की वर्तमान स्थिति, बल की तैनाती, निगरानी प्रणाली, प्रवेश एवं निकास नियंत्रण तथा संवेदनशील स्थलों की सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन किया गया। चिन्हित कमियों के त्वरित निराकरण हेतु कमाण्डेंट को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि भविष्य में किसी भी सुरक्षा चुनौती का प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से सामना किया जा सके। वहीं सुरक्षा मानकों के सख्त अनुपालन, सतत निगरानी एवं परियोजना की परिसंपत्तियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।

साथ ही साथ विश्वसनीय खुफिया सूचना के आधार पर ढोरी एरिया अंतर्गत अमलो रेलवे साइडिंग के समीप स्थित 5 नंबर पीपल धौड़ा बस्ती में कमांडेंट आशुतोष चौधरी ने स्वयं अभियान का नेतृत्व किया। पूरी गोपनीयता के साथ सीआईएसएफ, सीसीएल सुरक्षा, स्थानीय बेरमो पुलिस तथा आवश्यक मशीनरी (जेसीबी एवं हाइवा) के सहयोग से अचानक छापामारी की गई। अवैध रूप से संग्रहित 120.010 टन कोयला जब्त कर प्रबंधन को सुपुर्द किया गया।